## संपादकीय

# ब्याज का बंधन ढीला

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक अर्से बाद अपनी मुख्य ब्याज दर रीपो रेट घटाई है। सारे भारतीय बैंक इसी दर पर रिजर्व बैंक से पैसे उठाते हैं। रीपो रेट में चौथाई फीसदी यानी 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की गई है, जिससे यह 6.50 फीसदी से घटकर 6.25 फीसदी हो गई है। आरबीआई ने अपनी ब्याज दर में कमी पिछली बार अगस्त 2017 में की थी। उसके नए गवर्नर शक्ति कांत दास के कार्यकाल की यह पहली मौद्रिक नीति है।

पूर्व वित्त सचिव दास को बीते दिसंबर में यह जिम्मेदारी दी गई तो ऐसी अटकलें लगाई गईं कि आते ही वह केंद्र की मर्जी के अनुरूप ब्याज के बंधन खोलेंगे ताकि अर्थव्यवस्था में थोड़ी हलचल आए। चुनावी साल में लोन सस्ता होना सत्तारूढ़ दल के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन रीपो रेट घटाने को सीधे-सीधे राजनीतिक दबाव में लिया गया फैसला कहना गलत होगा। छह सदस्यों की मौद्रिक नीति समिति ने आम राय से नीति को सख्त से न्यूट्रल बनाने का फैसला लिया। बहस सिर्फ रीपो रेट को स्थिर रखने और इसे घटाने के बीच थी और पलड़े का दूसरी तरफ झुकना लाजमी था। शक्ति कांत दास न सिर्फ भारतीय बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था के लक्षणों का आकलन करके ही इस नतीजे पर पहुंचे हैं। दुनिया में कच्चे तेल की कीमत का रुझान स्थिर रहने या नीचे जाने का है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध से क्रूड की किल्लत पैदा होने की आशंका थी, जो अमेरिका की नरमी से खत्म हो गई।

अमेरिकी रिजर्व बैंक फेड ने अपनी दरें बढ़ाने को लेकर ठंडा रुख अपना लिया है, लिहाजा डॉलर भी तेजी से महंगा नहीं हो रहा। भारत समेत पूरी दुनिया में खाद्य वस्तुओं का सस्ता होना एक और राहत की बात है। चीन और दुनिया की कई और बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सुस्त पड़ना एक अलग समस्या है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था अभी इस बीमारी से भी बची हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 7.2 फीसदी आंका है। रबी की बुवाई एक फरवरी तक पिछले साल से 4 प्रतिशत कम दर्ज की गई है लेकिन माना जा रहा है कि इस बार देर तक ठंड पड़ने से पैदावार अच्छी रहेगी। खुदरा और थोक वस्तुओं की महंगाई भी काबू में है। इन परिस्थितियों में रिजर्व बैंक ने अपने हाथ खोलने का फैसला किया तो ठीक ही किया।

आरबीआई ने किसानों को तोहफा देते हुए बिना गारंटी के मिलने वाले लोन की सीमा बढ़ा दी है। पहले यह सीमा एक लाख रुपये थी, जिसे बढ़ाकर 1.60 लाख रुपये कर दिया गया है। इसी तरह बड़ी जमाराशि से जुड़े नियमों में भी बदलाव किया गया है। रिजर्व बैंक गवर्नर ने अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बहरहाल, रीपो रेट कम होने से बैंक होम लोन आदि की मासिक किस्त घटाएंगे या नहीं, कहना मुश्किल है क्योंकि फंसे हुए कर्जों का दबाव उन पर अब भी काफी है।

# एसबीआई ने 30 लाख रुपए तक के होम लोन किए सस्ते, इतना घटाया ब्याज



मुंबई (आरएनएस)। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने होम लोन की दरें घटा दी हैं। एक दिन पहले ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में कमी की गई थी और शुक्रवार को एसबीआई ने 30 लाख रुपये तक के सभी होम लोन पर ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा कर दी। एसबीआई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि होम लोन पर ब्याज दर 5 बेसिस पॉइंट्स (0.05 प्रतिशत) घटा दी गई है।

बैंक ने कहा, 'रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के तुरंत बाद हम सबसे पहले बैंक हैं, जिसने 30 लाख रुपए तक के होम लोन पर ब्याज घटाया है।' बैंक ने कहा है कि उसने कम और मध्यम आयवर्ग के लोगों के फायदे को ध्यान में रखकर यह निर्णय किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में रीपो रेट को 0.25 प्रतिशत घटा कर 6.25 प्रतिशत कर दिया।

इसके बाद से माना जा रहा है कि वाणिज्यिक बैंक भी अपने कर्ज को सस्ता करेंगे। एसबीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक के नाते हम हमेशा ग्राहकों के हित को सबसे आगे रखते हैं। उन्होंने कहा, 'होम लोन बाजार में एसबीआई की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। ऐसे में यह उचित होगा कि हम केंद्रीय बैंक द्वारा दरों में कटौती का लाभ एक बड़े निम्न और मध्यम आय वर्ग को उपलब्ध कराएं।'

आपको बता दें कि सार्वजनिक क्षेत्र का एसबीआई संपत्ति, जमा, शाखा, ग्राहक और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से देश का सबसे बड़ा बैंक है। 30 सितंबर 2018 तक बैंक के पास 28.07 लाख करोड़ रुपये की जमाएं थीं। होम लोन बाजार में एसबीआई की हिस्सेदारी 34.28 प्रतिशत तथा वाहन ऋण बाजार में 34.27 प्रतिशत है।

## आवास क्षेत्र पर 12 प्रतिशत की जगह 3 से 5 प्रतिशत जीएसटी रखने के पक्ष में मंत्री समूह




नई दिल्ली (आरएनएस)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा गठित मंत्रियों का समूह (जीओएम) निर्माणाधीन आवासीय परियोजनाओं के मकानों पर इस कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने के पक्ष में है। समूह किफायती आवास की परियोजनाओं के संबंध में निर्माणाधीन मकानों पर जीएसटी दर को 3 प्रतिशत तक सीमित रखने का पक्षधर है।

जीएसटी परिषद ने रियल एस्टेट क्षेत्र की दिक्कतों या चुनौतियों का पता लगाने और कर दरों की समीक्षा के पिछले महीने गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल की अध्यक्षता में मंत्रीस्तरीय समूह गठित किया गया था। समूह ने अपनी पहली बैठक में किफायती आवास पर जीएसटी को 8 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत करने का पक्ष लिया है। अधिकारियों ने कहा कि मंत्रियों का समूह (जीओएम) एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगा और जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इसे रखेगा। एक अधिकारी ने कहा, समूह आवासीय घरों पर जीएसटी की दरों को बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट के कम करके 5 प्रतिशत और किफायती आवास पर दर को घटाकर 3 प्रतिशत करने के पक्ष में है।

## 2017-18 में 61 लोगों ने आय 100 करोड़ से अधिक बताई

नई दिल्ली (आरएनएस)। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि अनगिनत अरबपतियों वाले देश भारत में आकलन वर्ष, 2017-18 में महज 61 लोगों ने ही अपनी आय 100 करोड़ रुपये से अधिक होने की घोषणा की है। हालांकि, यह संख्या इसके पिछले साल की तुलना में अधिक है, क्योंकि तब 38 लोगों ने ही अपनी आय 100 करोड़ रुपये से अधिक बताई थी। यह जानकारी केंद्रीय केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पोन राधाकृष्णन ने शुक्रवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में दी। आयकर आकलन वर्ष 2014-15 के दौरान अपने आयकर रिटर्न में 24 लोगों ने सालाना आय 100 करोड़ रुपये से अधिक बताई थी, तब से इस संख्या में लगातार बढ़ोतरी जारी है। मंत्री ने यह भी कहा कि किसी व्यक्ति को अरबपति की श्रेणी में रखने के लिए कोई आधिकारिक परिभाषा नहीं है। एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार बेनामी संपत्ति लेनदेन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है।

## लियोनेल मेसी दुनिया में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले फुटबॉल खिलाड़ी



पैरिस (आरएनएस)। स्पेनिश क्लब एफसी बार्सिलोना से खेलने वाले अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी दुनिया में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले फुटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। मेसी ने इस सूची में पुर्तगाल के करिश्माई खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो, फ्रांस के एंटोनी ग्रीजमैन और ब्राजील के नेमार को पछाड़ा।

'गोल डॉट कॉम' ने फ्रेंच अखबार एल इच्पि के हवाले से बताया कि मेसी के एक महीने का वेतन 83 लाख यूरो (लगभग 67 करोड़ रुपये) है, जबकि रोनाल्डो का वेतन 47 लाख यूरो (लगभग 38 करोड़ रुपये) है। पिछले वर्ष रूस में हुए फीफा विश्व कप का खिताब जीते वाली फ्रांस की टीम के सदस्य ग्रीजमैन इस सूची में तीसरे नंबर पर हैं। उन्हें एक महीने में 33 लाख यूरो वेतन मिलता है। इस सूची में चौथा और 5वां स्थान नेमार और लुइस सुआरेज के नाम रहा।

ब्राजील के खिलाड़ी को हर महीने 30.6 लाख यूरो जबकि उरुग्वे के स्ट्राइकर को 29 लाख यूरो वेतन मिलता है। मेसी लंबे समय से बार्सिलोना के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते आए हैं। स्पेनिश लीग ला-लीगा में उन्होंने अपने क्लब के लिए 400 से अधिक गोल किए हैं।

## भारत को तगड़ा झटका देने की तैयारी में अमेरिका, हो सकता है हजारों करोड़ का नुकसान



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली भारत सरकार को अमेरिका बड़ा झटका दे सकता है। दरअसल अमेरिका जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफरेंसेस के तहत भारत को दी जाने वाली छूट वापस लेने पर विचार कर रहा है। यह एक ऐसी स्कीम है, जिसे 1970 के दशक में लागू किया गया था। इसके तहत भारत के 5.6 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) के एक्सपोर्ट पर अमेरिका में कोई टैक्स नहीं लगता है। अगर ऐसा होता है तो भारत से एक्सपोर्ट होने वाले आइटम्स पर अमेरिका मोटा टैक्स वसूलेगा।

सूत्रों की मानें तो दुनिया भर में ट्रेड और इन्वेस्टमेंट पॉलिसीज को लेकर बढ़ते विवादों के बीच अमेरिका भारत से यूएस ट्रेड कन्सेशन वापस ले सकता है।

## वोडाफोन लाया नया प्रीपेड प्लान, मिलेगा रोज 1.5 जीबी डेटा



नई दिल्ली। ऐसा लग रहा है कि लंबी वैलिडिटी वाले प्रीपेड प्लान्स का ट्रेंड बढ़ता ही जा रहा है. कंपनियां शायद इसलिए ऐसा कर रही हैं ताकि लंबे समय तक ग्राहकों को अपने साथ रख सके. हाल ही में हमने देखा कि कई कंपनियां अपने 365 दिनों की वैलिडिटी वाले प्रीपेड प्लान्स को पेश कर रही हैं. ऐसे प्लान्स की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती ही जा रही है. अब की बार वोडाफोन ने अपना नया 1,999 रुपये का प्रीपेड प्लान लॉन्च किया है.

## आज का राशिफल

मेषः आज आप पर लक्ष्मीजी की कृपादृष्टि है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। विवाह के लिए जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी।

वृषभः आज आप किसी भी प्रकार के मानसिक भार से मुक्त हो जाएंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में भी सुख-संतोष का आपको अनुभव होगा। व्यवसाय में भी आपको यश मिलेगा।

मिथुनः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। स्वास्थ्य में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकता है। धन का व्यय अधिक हो सकता है। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

कर्कः आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। असमंजस जैसी स्थिति के कारण कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों से मनमुटाव हो सकता है। मध्याह्न के बाद मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी।

सिंहः आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। जिससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आनंद लूटेंगे। परंतु मध्याह्न के बाद अधिक विचारों के कारण मानसिक रूप से आप थक जाएंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए शुभ है। कार्य सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार का वातावरण भी अनुकूल रहेगा।

तुलाः लेखन कार्य और सृजनात्मक प्रवृत्तियों के लिए आज का दिन शुभ है। बौद्धिक चर्चा में भाग लेने के लिए कार्य में आपको सफलता मिलेगी। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे।

वृश्चिकः दिन आपके लिए मध्यम फलदायी होगा। वाणी तथा क्रोध से बचें, अन्यथा हानि हो सकती है। बातचीत में किसी के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखें।

धनुः दिन के समय में आज आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। परिजनों के साथ पारिवारिक प्रश्नों की चर्चा का आयोजन होगा। सारा दिन आनंद और उल्लास में बिताएंगें।

मकरः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कार्यो में खर्च हो सकता है। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण खराब न हो, इसका ध्यान रखें।

कुंभः आज आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। गहन चिंतनशक्ति और आध्यात्मिकता दोनों में आपका मन डूबा रहेगा। नकारात्मक विचारों को मन से निकाल देने की गणेशजी सलाह देते हैं।

मीनः दिन मध्यम फलदायी होगा। आपका स्वास्थ्य नरम-गरम हो सकता है। मानसिक शांति प्राप्त कर पाएंगे।


# माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए इन चीजों के दान के साथ करें इस मंत्र का जाप



माता लक्ष्मी धन की देवी हैं और ये जिस पर मेहरबान हो जाती हैं उसके वारे - न्यारे कर देती हैं। माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए शुक्रवार का दिन सबसे शुभ माना जाता है। इस दिन अगर कुछ खास उपाय किए जाएं तो इन उपायों से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और व्यक्ति के लिए धन - संपदा के भंड़ार खोल देती हैं। शुक्रवार के दिन क्या उपाय करने चाहिए आइए आपको बताते हैं इनके बारे में

शुक्रवार के दिन सफेद चीजों का दान करना बहुत ही शुभ माना जाता है इसलिए आज दूध, दही, घी, चीनी, सफेद वस्त्र, सफेद मिष्ठान या कपूर का दान करें। इन चीजों का दान करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और जो व्यक्ति दान करता है उसकी मनोकामनाओं की पूर्ति करती हैं। आज के दिन एक खास मंत्र का जाप करने से बहुत लाभ होता है, ये मंत्र माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने का मंत्र है, ? ह्रीं श्री क्रीं क्लीं श्री लक्ष्मी मम गृहे धन पूरये, धन पूरये, चिंताएं दूरये-दूरये स्वाहाः। माता लक्ष्मी की पूजा करते समय इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को धन संपदा की प्राप्ति होती है।

# गुप्टिल की न्यूजीलैंड टीम में वापसी



ऑकलैंड (आरएनएस)। सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल की बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में वापसी हुई है। गुप्टिल चोट के कारण भारत के खिलाफ जारी टी-20 सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए चुनी गई 14 सदस्यीय टीम में जगह दी गई है। हालांकि, सीरीज की शुरुआत से पहले उन्हें फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा।

क्रिकइंफो के अनुसार, स्पिन गेंदबाज ईश सोढी और डग ब्रेसवेल को चयनकर्ताओं टीम में नहीं चुना जबकि कोलिन मुनरो केवल आखिरी मैच के लिए टीम में शामिल होंगे। मुनरो कप्तान केन विलियमसन की जगह लेंगे,जिन्हें तीसरे मैच के लिए आराम दिया गया है। विलियमसन की गैरमौजूदगी में टॉम लाथम मेजबान टीम की कमान संभालेंगे।

## वसीम अकरम ने बताया कौन जीत सकता है इस बार का वनडे विश्व कप खिताब



करांची। इंग्लैंड में 30 मई से शुरू हो रहे आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सभी 10 टीमें अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनने की प्रक्रिया में व्यस्त हैं। इस बीच क्रिकेट विशेषज्ञों से लेकर पूर्व क्रिकेटरों तक, सभी ने अपनी-अपनी फेवरेट टीमों का ऐलान करना शुरू कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलॉक ने भारत और इंग्लैंड को 12वें वनडे विश्व कप खिताब का प्रबल दावेदार बताया है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और दिग्गज स्विंग गेंदबाज रहे वसीम अकरम ने भी भारत को खिताब का दावेदार बताया है। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की संभावनाओं को भी खारिज नहीं किया है और न्यूजीलैंड को भी खिताब की दावेदारी में शामिल किया है।

## चीज पराठा.बनाने की विधि



अक्सर आपने देखा होगा कि बच्चों को पार्टी का नाम सुनते ही पिक्चर या फिर बर्गर की याद आती है लेकिन यह हमारे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक चीजें हैं इनका ज्यादा प्रयोग करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। इसमें सबसे अच्छा विकल्प है यह है कि आप चीज का पराठा बनाकर बच्चों को खिलाएं बच्ची से बहुत ही चाव से खाते हैं और यह ज्यादा नुकसान भी नहीं करता इन सब को बनाने के लिए आपको गेहूं का आटा मैदा चीज और सोस की जरूरत पड़ेगी

सामग्री-

- गेहूं का आटा - 1 कप (150 ग्राम)
- मैदा - 1 कप
- घी - 3-4 टेबल स्पून
- मौजेरीला चीज - 1 पैक्ट (200 ग्राम)
- पिज्जा सॉस - 2 टेबल स्पून
- नमक - ½ छोटी चम्मच या स्वादानुसार

विधि -

आंटी को आप एक बर्तन में नींद निकाल कर इन सभी चीजों को आप अच्छे से मिक्स कर लीजिए और एक छोटी चम्मच की डाल करें इन सब चीजों को अच्छी तरह मिला लें। अब आप इस आटे को अच्छी तरह से गूथ लें और फिर इसे ढककर आप 10 मिनट कर रख दे अदा अच्छी तरह से सेट हो जाएगा स्टफिंग बनाएं- स्टफिंग बनाने के लिए 200 ग्राम चीज में से 100 ग्राम चीज को प्लेट में कद्दूकस कर लीजिए। 20 मिनट बाद आप उस आर्टिकल निकालकर हाथ में थोड़ा सनकी और थोड़ा सा जोर लगाकर साठे को आप अच्छी तरह से गोल गोल बना लीजिए और उसके पराठे बेल लीजिए

## शब्द सामर्थ्य- 73

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 72 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू-73

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.72का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |